>

Title: Need to approve the proposal of the State Government for implementation of PMGSY in those areas having a population of 250 in Barmer and Jaisalmer regions of Rajasthan.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): देश में बारहमासी सड़कों के विकास के लिए गांवों का गांवों तक सम्पर्क मार्ग बनाने के लिए प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत की गई थी जिससे ग्रामीण लोगों को बहुत सुविधा मिली है। इस योजना का फायदा छोटे आबादी वाली गाँवों/क्षेत्रों को भी मिलें, इस दिशा में राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है कि मरूस्थल क्षेत्रों की 250 आबादी वाले गाँवों पर इस योजना को लागू किया जाए। उक्त प्रस्ताव अभी तक केन्द्र सरकार के पास लम्बित है। मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के दोनों जिले बाड़मेर एवे जैसलमेर सम्पूर्ण रूप से मरूस्थल क्षेत्र में पड़ते हैं और प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना तभी साकार होगी जब पिछड़े क्षेत्र के लोगों का सम्पर्क सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि राजस्थान सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भेजे गये 250 आबादी वाले गाँवों/क्षेत्रों पर इस योजना को लागू किये जाने के अनुरोध को तत्काल जनहित में स्वीकृति दी जाये।